# क्षेत्र शिक्षाधिकारी कार्यालय, धारवाड ग्रामीण, धारवाड

## वार्षिक परीक्षा का प्रतिदर्श प्रश्न पत्र २०१८–१९

कक्षा : १० वी | विषय : हिंदी | कुल अंक : ८०

### खंड–क (गद्य, पद्य और पूरक वाचन)

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए।** ६X१=६

१) अब्दुल कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तु क्या थी ?
२) लेखक दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ?
३) बसंत क्या–क्या बेचता था ?
४) दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले किससे हुई ?
५) आधुनिक पुरुष ने किस पर विजय पायी है ?
६) समय के खोने से क्या होता है ?

**II. स्तंभ 'क' के वाक्यांशों के साथ स्तंभ 'ख' के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए।** ४X१=४

७)

| क | ख |
|---|---|
| अ) साधोराम | i) महादेवी वर्मा |
| आ) ईमानदारों के सम्मेलन | ii) धर्म का मूल |
| इ) पूर्वोत्तर भारत | iii) शर्मा परिवार |
| ई) दया | iv) सक्सेना परिवार |
| | v) सिंगफो आदिवासी |
| | vi) हरिशंकर परसाई |
| | vii) पाप का मूल |

**III. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद का संबंधित पद लिखिए।** ४X१=४

८) केला : पीला रंग :: सेब : ________
९) बसंत की सच्चाई : एकांकी :: गिल्लू : ________
१०) हैकिंग : अभिशाप :: फेसबुक : ________
११) मातृभूमि : प्रकृति का वर्णन :: सूरश्याम : ________

**IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक दो या तीन वाक्यों में लिखिए।** ११X२=२२

१२) आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है ?
१३) महादेवी वर्मा ने गिल्लू का उपचार कैसे किया ?
१४) आशियम्मा जी अब्दुल कलाम जी को खाने में क्या–क्या देती थी ?
१५) ई–प्रशासन से क्या लाभ है ?
१६) धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?
१७) गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जाता है ?
१८) दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?
१९) समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?
२०) बालकृष्ण अपनी माता यशोदा से क्या–क्या शिकायतें करता है ?
२१) शनि किसका पुत्र है ? उसे शनैःचर क्यों कहा जाता है ?

**अथवा**

★ शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ ?

२२) सत्य क्या होता है? उसका रूप कैसे होता है ?

**अथवा**

★ सत्य के बारे में महात्मा गाँधीजी जी क्या राय है ?

**V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए।** ४X३=१२

२३) राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए।

२४) बछेंद्री ने पहाड़ चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ?

२५) मातृभूमि का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

२६) निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।

*तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक।*
*साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक॥*

**VI. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए।** २X४=८

२७) कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए।

**अथवा**

☆ कन्नड भाषा और संस्कृति के लिए साहित्यकारों की देन क्या है ?

**२८) निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए।**

"दया धर्म का ...................................................... ।
..................................................... घट में प्राण॥"

**अथवा**

☆ "असफलता एक ..................................................
........................................................................
........................................................................
.................................................... मत भागो तुम।"

## खंड–ख (व्याकरण)

**VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प दिए गए है, जिनमें एक मात्र सही उत्तर है। सही उत्तर चुनकर लिखिए।** ८X१=८

२९) **'बात'** शब्द का **अन्य वचन** रूप है ________

अ) बात आ) बातें इ) बाते ई) बातों

३०) **'अपना'** शब्द का **विलोम** शब्द है ______

अ) दूसरा आ) अपने इ) पराया ई) हमारा

३१) **'आग बबूला होना'** इस **मुहावरे** का अर्थ है ________

अ) आँखे लाल करना आ) आग में कूदना इ) आग में पकना ई) अत्यंत क्रोधित होना

३२) 'कर्नाटक ____ पश्चिम दिशा में अरब्बी समुद्र लहराता है' – रिक्त स्थान में सही **कारक** चुनकर लिखिए।

अ) के आ) का इ) कि ई) की

३३) इनमें **प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया** रूप है

अ) लिखाना आ) पढ़ाई इ) पढवाना ई) चलना

३४) **'क्या तुम थक गई हो ?'** – इस वाक्य में प्रयुक्त **विराम चिह्न** है

अ) प्रश्नवाचक आ) पूर्ण विराम इ) विस्मयादि बोधक ई) अल्प विराम

३५) इसमें **द्वंद्व समास** का उदाहरण है ________।

अ) नीलकमल आ) त्रिनेत्र इ) दशानन ई) राम–लक्ष्मण

३६) इनमें **स्वर संधि** का उदाहरण ________।

अ) पुस्तकालय आ) गणेश इ) एकैक ई) अत्यंत

## खंड–ग

## (रचना, अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र लेखन, निबंध)

**VIII. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए।** **४X१=४**

प्राणि मात्र के जीने के लिए खाना पानी जरूरी है। उसी तरह सुखी और शांत जीवन के लिए सबका मिलजुलकर रहना जरूरी है। मिलजुलकर रहने से हम एक दूसरे का सुख–दुख समझ सकते है। इससे आपस में सहायता की प्रेरणा पैदा होती है। इसी परस्पर सहकार की बुनियाद पर समाज की व्यवस्था टीकी हुई है। उदाहरण के लिए गाँवों में किसान खेती–बारी में एक दूसरे की मदद करते है। इस तरह एक दूसरे की मदद करने की प्रणाली ही सहकार है।

३७) सुखी और शांत जीवन के लिए किसकी जरूरत है ?
३८) किसान खेती–बारी किस तरह करते हैं ?
३९) समाज की व्यवस्था किस पर टीकी हुई है ?
४०) इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

**IX. इन वाक्यों का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए।** **४X१=४**

४१) गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी।
४२) दिन भर गिल्लू ने न कुछ खाया, न वह बाहर गया।
४३) बसंत एक ईमानदार लडका था।
४४) तालाब में एक बहुत बडी मछली तैर रही थी।

**X. ४२) भाई की शादी के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानध्यापक जी को पत्र लिखिए।** **४ अंक**

अथवा

☆ **सरस्वती यात्रा जाने के लिए अनुमति और पैसे माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।**

**XI. ४३) दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर १५–२० वाक्यों मे एक निबंध लिखिए।** **४ अंक**

**१) इंटरनेट क्रांति**
* अर्थ
* लाभ
* दुष्परिणाम
* उपसंहार

**२) वनमहोत्सव**
* भूमिका
* वृक्षों का उपयोग
* वृक्षरोपण
* वनों के नाश के दुऱपरिणाम
* उपसंहार

**३) समय का सदुपयोग**
* भूमिका
* समय का महत्व
* उपसंहार

✱~✱~✱~✱~✱~✱~✱~✱~✱

| क्र. सं. | प्रश्न पत्र रचना के लिए नियोजित अध्यापक के नाम | पाठशाला | संपर्क संख्या | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| १ | श्रीमती. एस्. आय्. डंबल | सरकारी माध्यमिक पाठशाला, यादवाड, धारवाड (जिला) | | |
| २ | श्रीमती. सुनिता गाडगोली | सरकारी माध्यमिक पाठशाला, कुरुबगट्टी, धारवाड (जिला) | | |
| ३ | श्रीमती. जी. यू. गोदी | सरकारी माध्यमिक पाठशाला, तडकोड, धारवाड (जिला) | | |
| ४ | श्रीमती. एस्. एल्. पायस | सरकारी माध्यमिक पाठशाला, मारडगी, धारवाड (जिला) | | |